तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 30 जून 2025

14 सेजस प्रवेश उत्सव में छात्र-छात्राओं का उत्साह, "एक पेड़ मां के ...



13 विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा आमटी में जागरूकता ...





## खबर संक्षेप

### अयस्क लदा बेकाबू ट्रक घर में घुसा, चालक गिरफ्तार



**कुसुमकसा/बालोद।** ग्राम गिधाली में शनिवार रात्रि लगभग 9 बजे लौह अयस्क से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर एक ग्रामीण के मकान में जा घुसा, ट्रक क्रमांक सीजी 21 जे 8071 निको प्लांट से लौह अयस्क भरकर आ रहा था और बेकाबू होकर जनक भूआर्य के घर को क्षतिग्रस्त करते हुए भीतर जा घुसा। हादसे के समय मकान में कोई नहीं था, जिससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई, लेकिन हादसे की तेज आवाज से आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और ट्रक चालक को पकड़ा, ग्रामीणों के बताए अनुसार ट्रक चालक शराब के नशे में था। घटना की जानकारी मिलते ही डौंडीलोहारा पुलिस घटनास्थल पहुंच गई थी , थाना प्रभारी डोंडी लोहारा ने बताया की ट्रक चालक के खिलाफ कार्यवाही करते हुए ट्रक को जप्त किया गया है कल न्यायालय में पेश करने की जानकारी दी।

### खाद की कमी से किसान परेशान



**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम रेंगाडबरी सोसाइटी में खाद की कमी को लेकर किसानों द्वारा रविवार को किसान कुटीर भवन रेंगाडबरी में बैठक आहूत की गयी। जिसमें समिति के अन्तर्गत आने वाले ग्राम चिलमगोटा, टुण्डेलकुण्डेल, जुन्नापानी, फिरतुटोला, अन्नुटोला के किसान सम्मिलित हुए, जिसमें किसानों ने सोसाइटी में खाद नहीं मिलने से भारी आक्रोश जताया, बता दें कि किसान खेत में धान बोवाई करके खाद के लिए तरस रहे हैं तथा किसानों द्वारा दो-तीन दिन पहले अनुविभागीय अधिकारी को आवेदन सौपा था। इस अवसर पर किसान फगुआ राम निषाद, ग्राम पटेल रेंगाडबरी मदन माहला, तोरण लाल कृष्णाने, नंदू भंडारी, खेलू राम इस्दा, उबलाल रावटे,अल्ली राम रावटे, उमाशंकर नायक, जयप्रकाश जमडार, नंदलाल पटेल, सोहन सिंन्हा, हेमकुमार रावटे सहित सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

### वर्षा ऋतु में सर्प व जहरीले जंतुओं से रहें सावधान



**बालोद।** बारिश के मौसम मे जहरीले जीव जंतु का खतरा अक्सर बना रहता है जिसके कारण कई बार कई लोगो को अपनी जान भी गंवानी पड़ जाती है, ऐसे मे इनसे बचने के लिए सतर्क रहना जरूरी हो जाता है। जिले के कई ग्रामीण क्षेत्र जो घने जंगल व नदी नालों से घिरे व नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में इन दिनों जहरीले सर्प नांग के साथ तरह–तरह के करायट, अहराज आदि सर्प ज्यादा निकल रहे हैं। बारिश प्रारंभ होते ही क्षेत्र में सर्पदंश की घटनाए बढ़ जाती है, इसलिए लोगों को सावधानी बरतने की अपील स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय समय पर अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से किया जाता है, पिछले दिनों ही खाना बनाने के दौरान ग्राम मटिया बी में एक 28 वषएॅय महिला सर्पदंश का शिकार हो गई जिनका अस्पताल में इलाज के दौरान मौत भी हो गई। बारिश के इन दिनों में तरह– तरह के कीट प्रकोपों के कारण ग्रामीण वनांचल के ग्रामों में रात के समय लालटेन चिमनी जलाकर खाना खाना भी मुश्किल हो गया है। लालटेन की रौशनी में चारो तरफ कीट पंतंगे आ रहे हैं और लोग चैन से भोजन भी नहीं कर पा रहे हैं।

# जीवनदीप समिति की बैठक में वित्तीय प्रबंधन पर चर्चा कर कार्ययोजना बनी

## विधायक संगीता सिन्हा की उपस्थिति में हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुरुर मे जीवनदीप समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जीवनदीप समिति अध्यक्ष व विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा की अध्यक्षता मे समिति के पदाधिकारी व सदस्यो की उपस्थिति में अध्यक्ष की अनुमति से खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील भारती द्वारा अस्पताल की आवश्यक प्रबंधन और स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता, मानव संसाधन की उपलब्धता एव अस्पताल की अधो संरचना वित्तीय प्रबंधन पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर अवगत कराया गया। विधायक द्वारा अस्पताल की आवश्यक गतिविधियों पर चर्चा करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुरुर के लिए जिला खनिज न्यास फंड से थ्री सीटर 20 नग कुसएँ व मीटिंग हाल निर्माण हेतु आश्वासन दिया गया। सहायक ग्रेड 3 विवेक देवांगन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–2025 का व्योरा समिति के समक्ष रखा गया, अस्पताल परिसर की काम्प्लेक्स जो पूर्व मे आबंटित किया गया है उनका किराया विगत ढेड़ वर्ष से अप्राप्त है जिनके संबंध मे काम्प्लेक्स धारको को कार्यलयींन नोटिस जारी करने का निर्णय लिया गया, यदि तीन दिवस के अंदर किराया जमा नहीं की जाती है तो उनकी भरपाई हेतु है उनके पगड़ी के रूप मे जमा की गयी राशि से किराया कटौती कर शेष राशि वापस करते हुए आबंटन निरस्त करने की कार्यवाही करने एव आबंटित काम्प्लेक्स का उपयोग नामित व्यक्ति के द्वारा उपयोग न कर किसी और के द्वारा संचालित किया जा रहा है, ऐसे धारकों का भी आबंटन निरस्त कर उचित कार्यवाही करने निर्णय लिया गया। ताकि जरूरतमंद लोगों को काम्प्लेक्स आबंटित किया जा सके।



### सर्वसम्मति से प्रस्ताव परित कर

1 जुलाई से काम्प्लेक्स की किराया जो पूर्व मे निर्धारित थी उनको वृध्दि कर 2000 रुपये मासिक रखी गयी है। वित्तीय वर्ष 2025–2026 हेतु आवश्यक प्रस्ताव रखते हुए चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से प्रस्ताव परित कर कार्ययोजना बनाई गयी, जिनके अन्तर्गत अस्पताल परिसर में नवीन काम्प्लेक्स निर्माण, पानी निकासी हेतु नाली निर्माण, सफाई कर्मचारी, आयुषमान कार्ड हेतु कंप्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति जीवन दीप समिति की एक कर्मचारी की सेवा समाप्ति, सामने गेट पर ग्लो साईन, जीवन दीप समिति की कर्मचारी के मानदेय मे वृध्दि, पूर्व मे एक्स रे की राशि 80 रुपये से बढाकर 100 रुपये किया गया है साथ ही फार्मेसी विभाग में दवाई की उचित रख रखाव हेतु रेक क्रय करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में जनपद अध्यक्ष व जीवन दीप समिति के उपाध्यक्ष सुनीता संजय साहू, अध्यक्ष नगर पंचायत गुरुर प्रदीप साहू, नारायण टेके, केशव गंजीर, बिजली विभाग आशुतोष पंचागन, योगेश साहू व समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

**लापरवाही :** जनपद प्रशासन के संरक्षण में लापरवाही जारी, ग्रामीणों झेलनी पड़ रही परेशानी

# झलमला सड़क के लिए दस लाख मंजूर आठ माह बाद भी काम शुरू नहीं हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जनपद प्रशासन के संरक्षण मे पंचायतो मे की जा रही लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। आठ माह पूर्व स्वीकृत सीमेंटीकृत सड़क अब तक प्रारंभ नही हो सका है। कार्य कब प्रारंभ होगा यह कोई बताने की स्थिति मे नही है। इससे ऐसा लगता है कि ग्रामीणो को इस बारिश कीचड़ के मध्य ही गुजरना पड़ेगा।

मामला ग्राम पंचायत झलमला का है। यहां पिछले पंचायत कार्यकाल मे अर्थात लगभग आठ माह पूर्व खनिज निधि से 10 लाख रूपये सीसी रोड के लिए स्वीकृत हुआ। सीमेंटीकृत सड़क गंगा नगर झलमला से कलेक्टेट पहुंच मार्ग मे बनना है। कार्य की स्वीकृति सत्र 2024–25 मे हो चुकी है। सूचना बोर्ड के अनुसार कार्य 30 अप्रैल 2025 को प्रारंभ हो चुका है लेकिन कार्य स्थल पर एक इंच की ढलाई दो माह मे भी पंचायत नही कर सकी। बोर्ड के अनुसार कार्य एंजेसी सरपंच ग्राम पंचायत झलमला है, लेकिन वास्तविकता यह है कि कार्य सरपंच नही करा रहा है, कार्य ठेके पर हो रहा है, जिसे ग्राम हीरापुर के सदानंद साहू द्वारा कराया जा रहा है।

सरपंच पति थानसिंह ठाकुर ने कहा यह कार्य मेरे पद संभालने के पहले ही स्वीकृत हो चुका था। कार्य ग्राम हीरापुर के सदानंद साहू करा रहा है, वही बता पाएगा कार्य कब प्रारंभ होगा। कार्य के लिए प्राप्त राशि से मैने अभी भुगतान नही किया है। उपसरपंच हितेश ठाकुर ने कहा रेत के कारण लोग गिरकर घायल हो रहे है। हीरापुर निवासी सदनांद साहू ने कहा कार्य मे करा रहा हूं, गिट्टी की समस्या है, गिट्टी नही मिल रही है। जब गिट्टी मिलेगी काम प्रारंभ हो जाएगा।

### कार्यस्थल पर रेत डंप होने आवागमन हो रहा बाधित





### सूचना बोर्ड है अधूरा

कार्य स्थल पर लगा सूचना बोर्ड भी अधुरा है, इसमे कार्य की कुल लंबाई चौड़ाई का का उल्लेख नही है, कार्य एंजेसी का नाम है, लेकिन उप अभियंता का नाम व नंबर नही है। कार्य के लिए महीनो पूर्व कि"त जिला प्रशासन से पंचायत को जारी की जा चुकी है। अपुष्ट जानकारी के अनुसार इस राशि का आहरण महीनो पूर्व हों चुका है, लेकिन कार्य प्रारंभ नही हुआ है। कार्य स्थल पर कुछ जगह वर्तमान मे रेत डाला गया है, लेकिन यह रेत वर्तमान मे राहगिरो के लिए परेशानी व दुर्घटना का कारण बन गया है। रेत के कारण वाहन चालक व सायकल चालक गिर रहे है। कार्य कब प्रारंभ होगा कोई स्पष्ट जवाब नही दे रहा है।

# नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

देवरी थाना क्षेत्र के ग्राम मारींबंगला मे एक नवविवाहिता ने घर के कमरे मे पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान 26 वर्षीय विद्या चुरेन्द्र पति यशवंत चुरेन्द्र के रूप मे हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना सुबह 8 बजे की है, मृतका विद्या ने सुबह स्वयं भोजन बनाया था और उनके पति खेत मे काम करने गए थे। घर में उनकी मां मौजूद थी। जब उनकी सास ने अपनी बहू को आवाज दी तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था और कोई उत्तर नही मिला। उनकी सास द्वारा खिड़की से झांकने पर देखा गया कि विद्या फांसी पर लटकी हुई थी। जिसके बाद उनकी सास द्वारा आस पास के लोगों को बताने के बाद पुलिस को जानकारी दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुची और शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा तैयार कर शव का पीएम के बाद शव को परिजनो को सौप दिया गया है। जानकारी के अनुसार मृतका का विवाह दिसंबर 2020 मे हुआ था। उसके दो छोटे बच्चे है, एक तीन वर्षीय पुत्र और सात माह का एक शिशु है। वही महिला के इस तरह के कदम उठाने की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

# अवैध शराब जब्त, सात कोचिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

अवैध शराब, जुआ और सट्टा के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने बीते चार दिनों में बड़ी कार्रवाई की है।

इस दौरान अवैध शराब के 7 प्रकरण दर्ज कर 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही निगरानीशुदा बदमाशों की चेकिंग कर उन्हें जिला बदर करने की कार्यवाही भी शुरू की गई है। इस अभियान का संचालन पुलिस अधीक्षक बालोद के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन और नगर पुलिस अधीक्षक राजहरा की निगरानी में, थाना प्रभारी रविशंकर पांडे के नेतृत्व में किया जा रहा है।

**सात प्रकरण कायमः** मनोज रामटेके को वार्ड क्रमांक 18 में सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते रंगे हाथ पकड़ा गया। नेमीन बाई साहू को वार्ड क्रमांक 17 में घर के बाहर शराब बेचते गिरफ्तार किया गया। 20 पौव शराब और 200 नकद जब्त । प्रमोद सिन्हा, खड़गांव निवासी, को वार्ड क्रमांक 26 में 32 पाव शराब के साथ पकड़ा गया। ओम बाई, वार्ड क्रमांक 22 की होटल में शराब पिलाने की सुविधा देती मिलीं। मोहनीश राजाभोज को सब्जी मंडी चिखलाकसा में शराब बेचते पकड़ा गया। 20 पाव शराब और 200 जब्त। बिहारीलाल चतुर्वेदी, वार्ड 17 निवासी, को बोगदा पुलिया के पास शराब बेचते गिरफ्तार किया गया।20 पाव शराब और 200 नकद जब्त किया गया। 7. विजय सिंह राजपूत, चिखलाकसा निवासी, को 11 पाव और 3 अध्धी शराब के साथ पकड़ा गया। निगरानी बदमाशों पर जिला बदर की कार्यवाही थाना राजहरा पुलिस ने क्षेत्र के सक्रिय निगरानीशुदा बदमाशों की पहचान कर उन्हें चेकिंग के लिए थाने बुलाया और उनके विरुद्ध जिला बदर तथा प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही की जा रही है।







# स्कूल भवन की हालत जर्जर, 350 प्लस छात्र छात्राओं की जान जोखिम में डालकर पढ़ने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

आदिवासी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत भर्रीटोला 36 के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय स्कूल भवन विगत दो दशकों से अधिक वर्षों से संचालित है तथा इस स्कूल भवन मे गांव के बच्चें व आसपास के ग्रामीण बच्चें अध्ययनरत हैं, लेकिन कई वर्षो से यह स्कूल भवन कि छत जर्जर हो चुकी है।

जिसकी मरम्मत कि आवश्यकता है। स्थानीय ग्रामवासी व स्कूल स्टाफ भी आस लगाये बैठे हुआ है कि जल्द ही इस स्कूल भवन का जीर्णोद्वार व मरम्मत कार्य होगा। इस स्कूल के मरम्मतीकरण व जीर्णोद्वार के लिए कई बार मौखिक व लिखित शिकायत स्कूल कर्मचारियों, पालकों व ग्राम वासियों द्वारा किया जा चुका है, किन्तु शिक्षा विभाग, शासन-प्रशासन इस विषय को लेकर गंभीर नहीं है। ऐसा लग रहा मानो किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं। इस स्कूल में वर्तमान सत्र में 350 से अधिक बच्चे अध्ययनरत हैं। 8 कमरे के भवन मे सभी कमरे कि दिवार या छतो कि स्तिथि खराब है, यह स्कूल विकास खंड मे जनसंख्या कि दृष्टिकोण से बच्चों के दर्ज संख्या के हिसाब से से तीसरे नंबर पर आता है।

विगत कई वर्षों से इस जर्जर भवन मे स्कूली बच्चें पढने को मजबूर हैं, किन्तु शिक्षा विभाग इस विषय को लेकर गम्भीर नहीं है। इस सम्बन्ध मे ग्राम के सरपंच रेवा रावटे से जानना चाहा तो उन्होंने बताया कि यह ग्रामवासियों व बच्चों के लिये बहुत ▶▶| शेष पेज 12 पर





**धोबी समाज के लॉन्ड्री संचालकों और सामाजिक के पदाधिकारियों की बैठक में टेंडर पर चर्चा की गई**

# डीकेएस के लॉन्ड्री टेंडर से धोबी समाज को वंचित करने की साजिश की जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



धोबी समाज की बैठक धोबी पारा में हुई। जिसमें अनेक लॉन्ड्री संचालक और सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए समाज के प्रदेश संगठन मंत्री नकुल निर्मलकर ने कहा- कुछ अभिजात वर्ग सामंतवादी प्रवृत्ति के लोग राज्य सरकार को बदनाम करना चाहते हैं इसलिए अनाप-शनाप शर्तें नियम लगाकर पैतृक व्यवसाय करने वाले धोबी समाज के लोगों को डी के एस के लॉन्ड्री टेंडर से वंचित करना चाह रहे हैं।

रायपुर के अध्यक्ष वरुण निर्मलकर ने कहा- अगर करोड़ो का टर्नओवर होता हमारे किसी भी धोबी भाई के पास तो लॉन्ड्री का काम क्यों करते कोई और बड़ा काम करते। युवा प्रदेश अध्यक्ष रोशन निर्मलकर ने कहा- यह किसी व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने की साजिश है जिस पर मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री को ध्यान देना चाहिए, पूरे प्रदेश में इसके लिए जागरण अभियान चलाया जाएगा अगर इस तरह से विवादास्पद शर्त नियम लगाएंगे तो। दुर्ग जिला युवा अध्यक्ष पवन निर्मलकर ने कहा- इस विवादास्पद टेंडर को मंगाकर मुख्यमंत्री विधायकों की कमेटी गठित कर पूर्व में किए गए टेंडर का भी जांच करवाएं, डीकेएस में कितने वेंडर भाग लिए, कितने वेंडर के प्री क्वालिफिकेशन पास हुए और जिस फर्म का लॉन्ड्री संचालन हो रहा है डी के एस में उन्हें कितना भुगतान किया जा रहा है।

### धोबी समाज गरीब है पर कमजोर नहीं

कार्यवाहक युवा प्रदेश अध्यक्ष अंबे बाघमार ने कहा है कि धोबी समाज गरीब जरूर है पर कमजोर नहीं। अब हम लोग भी अपना आवाज बुलंद करने में पीछे नहीं रहेंगे और अपना हक को लेकर रहेंगे अभिजात्य वर्ग के सामंतवादी प्रवृत्ति के लोग ही सभी धंधा करेंगे व्यापार भी वही लोग करेंगे राजनेता भी वही लोग बनेंगे और धोबी के धंधा भी वही लोग करेंगे तो धोबी क्या करेंगे? धोबी अब उनके गलतकार्यों को धोएंगे। सारागान्व परीक्षेत्र के अध्यक्ष रामखेलावन निर्मलकर ने डीकेएस प्रबंधन के उस दावे को खोखला बताया जिसमें यह कहा गया कि अस्पताल के क्षमता को देखकर के टर्म कंडीशन रखा गया है, क्या एम्स और अंबेडकर अस्पताल से भी बड़ा है डी के एस का लॉन्ड्री जबकि मेकाहारा मे टर्नओवर वाली कोई बात ही नहीं रखते, एम्स में 50 लाख का टर्नओवर रखते हैं, जबकि एम्स लगभग हजार बिस्तर का हॉस्पिटल हो गया है और मैकाहारा लगभग 1400 बिस्तर का हॉस्पिटल हो गया है फिर डीकेएस जो लगभग 400 बिस्तर का हॉस्पिटल है उसको भारी भरकम बात कर भारी भरकम टर्नओवर जैसे शर्तें क्यों रखी जा रही है बैठक में प्रमुख रूप से शहर जिला धोबी समाज के महामंत्री लीलू निर्मलकर, प्रांतीय प्रवक्ता भोजराम, रायगढ़ के जिला अध्यक्ष अवधेश सोन, दुर्ग जिला अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर, राजनांदगांव ▶▶| शेष पेज 12 पर

# बारिश से किसानों के चेहरे खिले





**बालोद।** जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रें में रविवार को पूरे दिन बूंदाबांदी होते रही। देर रात तक शहर और ग्रामीण क्षेत्रो में लगातार बूंदाबांदी होती रही। बारिश का बीते लंबे समय से इंतजार कर रहे किसानों का इंतजार रविवार को समाप्त हो गया।

लंबे समय आसमान में काले बादल तो सुबह से ही छाए रहे, लेकिन बारिश नहीं हो रही थी। रविवार के बारिश से खेत का सुखा खत्म हो गया। बारिश के कारण शहर के अनेक हिस्सों में जलभराव हो गया। लोगों को दिनभर बूंदाबांदी के बाद हल्की ठंडी का अहसास हुआ। भू–अभिलेख शाखा के अनुसार रविवार को जिलेभर में 4.2 मिमी औसत बारिश हुई। इस दौरान डौंडी तहसील में सिर्फ 0.7 मिमी और अर्जुंदा में 2.3 मिमी पानी गिरा। जबकि बालोद में सबसे अधिक 7.2 मिमी और लोहारा में 6.9 मिमी बारिश हुई। गुरूर में 5.2 मिमी, गुंडरदेही 3.0 मिमी, मारऍबंगला देवरी तहसील में 4.0 मिमी बारिश हुई। जिले में बीते दिनों हुई बारिश के बाद रविवार को घने बादलों को देखते हुए किसानों को अधिक बारिश होने का इंतजार था।

## खबर संक्षेप



### महिलाओं ने उठाया स्वच्छता का बीड़ा, हर रविवार गांव में सफाई अभियान

**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम पंचायत अचौद मे छत्तीसगढ राष्ट्रीय आजीविका मिशन बिहान स्वयं सहायता समूह के 10 सदस्यों वाली स्वच्छता ग्राही महिलाओ के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया। जिसमे गांव को स्वच्छ एवं साफ सुथरा रखने के लिए समूह के अध्यक्ष खिमेश्वरी, सचिव अनीता व सदस्य गण तोमिन, रोमीन, फुलेश्वरी, कुमारी, नीरा, भुनेश्वरी, नीरा, लीला, वासनी इन महिलाओं ने प्रत्येक रविवार को गांव के चौक चौराहे व गलियों मे फैले गंदगी, कचरे को साफ सफाई करते हुए घरो–घर जाकर सूखा व गीला कचरों को रिक्सा मे एकत्रित कर गांव को स्वच्छ रखते हुए सभी ग्रामीण जनों को स्वच्छता का संदेश दे रही है।

### वीर मेला आयोजन समिति की बैठक 3 जुलाई को

**गुरूर।** राजा राव पठार करेंझर सभागार में वीर मेला आयोजन समिति की बैठक 3 जुलाई को 12 बजे से रखी गई है। उक्त बैठक में पदाधिकारियों व सदस्यों उपस्थित रहेंगे। वीर मेला आयोजन समिति राजा राव पठार करेंझर जिला बालोद छत्तीसगढ़ महासचिव — ष्ण कुमार ठाकुर ने बताया बैठक मे पदाधिकारी, वीर मेला आयोजन समिति, अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज जिला बालोद, धमतरी, कांकेर, समस्त सदस्यगण, समस्त सामाजिक पदाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे।

### शिकायत के बाद राशन दुकानों की जांच



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के विभिन्न राशन दुकानों का औचक निरीक्षक किया गया। इस दौरान खाद्य प्रभारीव एमआईसी सदस्य मनोज डहरिया, खाद्य सचिव राजू वर्मा, नेता प्रतिपक्ष राम खिलावन वर्मा की टीम राशन दुकान में पहुंचे थे। इस दौरान तीन माह का एक साथ राशन दुकानों में दिया जा रहा है। लेकिन इसे लेकर राशन दुकानों की शिकायत मिलने पर निरीक्षण करने पहुंचे थे। राशन दुकानों में हितग्राहियों से भी पूछताछ की गई लेकिन व्यवस्था बेहतर पाई गई। गौरतलब हो कि भिलाई-चरोदा निगम क्षेत्र के चरोदा के कई राशन दुकानों में पीडीएस की तस्करी आज भी होती है।

### बीसी खेलने को लेकर विवाद, उपसरपंच से मारपीट

**भिलाई।** अंडा पुलिस ने बताया कि निकुम के उपसरपंच गोपेंद्र कुमार साहू के साथ 20 लोग बीसी खेलने को लेकर बैठे हुए थे। 25 जून की रात सभी सदस्य भाठापारा बाजार में बैठकर हिसाब-किताब कर रहे थे। गांव के चिंतामणी भी कमेटी का सदस्य है। उसने उधार पर रकम लिया था। चिंतामणि उसे नहीं लौटा रहा था। इसे लेकर चर्चा चल रही थी, आक्रोशित होकर रूपेंद्र, दिनेश, चिंतामणी मिलकर उप सरपंच के साथ गाली-गलौज, मारपीट शुरू करना शुरु कर दिया।

प्रशासन की उदासीनता से आए दिन हो रही दुर्घटनाएं, आप पार्टी ने फौरन कारगर कार्रवाई करने की मांग की

# आवारा मवेशियों से यातायात चौपट व हरियाली को पहुंच रही भारी क्षति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने शहरों में आवारा पशुओं से हो रही दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि हर बड़े शहर में सड़कों पर आवारा जानवरों की समस्या एक बड़ी चुनौती बन गई है, जिससे दुर्घटनाओं और अन्य समस्याओं का खतरा बढ़ गया है। आवारा पशु में ज्यादातर संख्या कुत्तों की है, उसके बाद गायों का नंबर आता है, सड़कों पर आवारा पशुओं के कारण यातायात बाधित होता है, जिससे जाम की समस्या होती है, आवारा पशु पार्कों और अन्य हरियाली वाले क्षेत्रें में घूमते हैं, जिससे पौधों और हरियाली को नुकसान होता है, बीते सालों में ग्रामीण इलाकों में गायों को रखने के लिए गौठान की व्यवस्था की गयी थी, लेकिन सरकार की उदासीनता के कारण पशु सड़कों पर विचरण करने मजबूर हैं।

आप जिलाध्यक्ष बालक साहू ने कहा कि बरसात के दिनों में गाय या अन्य जानवरों के रखरखाव की उचित व्यवस्था न होने के कारण जमीन गीली होती है इस कारण सुखी जगह की तलाश में जानवर सड़क पर आकर बैठते हैं, अंधेरा और बारिश के कारण दुर्घटना हो जाने पर इसमें 108, 112, अस्पताल, पुलिस, कचहरी को इन्वॉल्व होना पड़ता है और कई बार सरकार को 2–5 लाख कम्पनसेन्सन भी देना पड़ता है, इस तरह इन गायों या जानवरों का सही रखरखाव ना होने के कारण सरकार को हर साल सैकड़ों करोड़ रुपयों का नुकसान होता है, इसलिए इनका उचित रखरखाव बहुत जरुरी है और इन आवारा पशुओं (कुत्ते और गाय) का सड़कों पर विचरण रोकना अत्यंत जरुरी है।

### पशुओं को काजीहाउस में रखें

जिला सचिव कैलाश बंजारे ने कहा कि नगर निगम और अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा आवारा पशुओं को पकड़ने और उन्हें गौशालाओं या कांजी हाउस में रखने की व्यवस्था की जानी चाहिए, सड़कों पर आवारा पशु छोड़ने वाले मालिकों पर जुर्माना लगाया जाना चाहिए और आवारा पशुओं की पहचान के लिए उन पर रेडियम बेल्ट और टैग लगाए जाने चाहिए। आप ओबीसी विंग जिलाध्यक्ष रोशन सार्वा ने कहा कि लोगों को आवारा पशुओं (कुत्तों एवं गायों) को सड़कों पर न छोड़ने के लिए जागरूक किया जाना चाहिए, पशु मालिकों को जिम्मेदारी से अपने पशुओं की देखभाल करने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है, सार्वजनिक स्थानों पर आवारा पशुओं के घूमने पर रोक लगाने के लिए सख्त कार्रवाई करने की आवश्यकता है। ज्ञापन देने जिलाध्यक्ष बालक साहू, जिला सचिव कैलाश बंजारे, संस्थापक सदस्यमधुसूदन साहू, जिलाध्यक्ष ओबीसी विंग रोशन सार्वा, पूर्णानंद मंडावी उपस्थित थे।

## 5 दिनों में 80 वाहन चालकों पर कार्रवाई से 33 हजार की वसूली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

राजहरा थाना क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत स्कूली और कॉलेज छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। स्कूल-कॉलेजों में जाकर छात्रों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की जानकारी दी गई। बीते पांच दिनों में 80 वाहन चालकों के विरुद्ध कुल 33,300 की चालानी कार्रवाई की गई है। बिना हेलमेट, तेज रफ्तार, नो-पार्किंग, बिना दस्तावेज, मोबाइल का उपयोग, नाबालिगों द्वारा वाहन संचालन, मालवाहक में यात्री ढोने जैसे मामलों पर लगातार कार्रवाई जारी है।

### अपराधी प्रवृत्ति के लोगों को दी गई समझाइश

क्षेत्र के चिन्हित निगरानीशुदा और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को थाने बुलाकर अपराध से दूर रहने, शांतिपूर्ण जीवन जीने और कानून का पालन करने की समझाइश दी गई। वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट का उपयोग करें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं, दस्तावेज साथ रखें और संयमित गति में वाहन चलाएं। आम नागरिकों से यातायात नियमों के पालन की अपील की गई है। इस अभियान का संचालन पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में, नगर पुलिस अधीक्षक राजहरा और थाना प्रभारी राजहरा के नेतृत्व में किया जा रहा है।

## प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में ग्रामीणों की सहभागिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम ठेकवाडीह एवं दुपचेरा के भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में ग्राम ठेकवाडीह मदन साहू के निवास में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में ग्रामीण सम्मिलित हुए। जिसमे एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण भी किया गया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद किया गया। आपातकाल के बारे में जानकारी दी गई, विकसित भारत 2047 के लिए शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य एवं प्रभारी चंद्रिका गंजीर, जनपद सदस्य तारादेवी यादव, महामंत्री भाजपा मंडल गुरूर ताम्रध्वज यादव, सह प्रभारी कृष्ण कुमार ठाकुर, प्रवीण साहू, भिखू राम साहू, आसाराम साहू, संतु राम साहू, लीलाराम साहू, नरेंद्र साहू, शिव साहू, चंदूलाल साहू, सूर्यकांत साहू, जगमोहन साहू एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



### भोथीपार में ग्रामीणों ने मन की बात सुनी

गुण्डरदेही। मंडल सिकोसा शक्ति केंद्र चारभांठा के अंतर्गत ग्राम भोथीपार में ग्रामीणो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनी। साथ ही संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष पूर्ण होने पर ग्राम खपरी एवं भोथीपार के कार्यकर्ताओं के द्वारा श्यामा प्रसाद मुखजएँ, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत माता की चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना के पश्चात मां के नाम एक पेड़ के अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। जिसमें सिकोसा मंडल के प्रभारी व सरपंच लेखराम साहू, सह संयोजक कमल नारायण साहू, ग्राम भोथीपार बूथ अध्यक्ष झगगर सिंह साहू, ग्राम खपरी ब प्यारेलाल साहू, खोमान साहू, नेतराम साहू, बैसाखूराम साहू, कल्याण साहू, अश्वनी कुमार साहू, रेखराम साहू, वेद प्रकाश साहू, दीनाराम साहू कार्यक्रम मे संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के तहत पशु चिकित्सा इकाई के तहत चलित मोबाइल वैन के माध्यम से ग्राम खपरी में बीमार पशुओं का इलाज किया गया एवं केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को बूथ स्तर तक प्रचार प्रसार किया गया।

## "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण किया गया



**गुरूर।** ग्राम पंचायत बोहारडीह में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गौठान मैदान पर बादाम, काजू, नींबू, आम, जामून, बेल सहित अन्य प्रजातियों का पौधारोपण जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू के आतिथ्य में किया गया। जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि एक पेड़ मां के नाम की अभियान में भाग ले अधिक पेड़ लगाये और अपने बच्चों को भी पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाएं, हमें मिलकर आने वाली पीढ़ियां के लिए एक स्वच्छ वातावरण का निर्माण करना है, यह पहल केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि हमें इन पौधों की संरक्षण और संवर्धन की संकल्प लेना चाहिए क्योंकि वृक्ष हमारे जीवन के लिए अति आवश्यक है यह न केवल शुद्ध हवा प्रदान करते हैं बल्कि जल भूमि और जैव विविधता की भी रक्षा करते हैं और यह हमारे जीवन का मुख्य आधार है। सरपंच राजेंद्र साहू ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा रोपण पश्चात कहा कि मानसून आरंभ हो गया है, जिससे अधिक संख्या में हम सब मिलकर पौधे लगाए यदि हम आज पौधे नहीं लगाएंगे तो भविष्य में हमें अत्यधिक परेशानी का सामना करना पढ़ सकता है क्योंकि पेड़ बिना जीवन अधूरा है पेड़ पौधों से हमें शुद्ध ऑक्सीजन फल फूल सहित अन्य हमारे दैनिक जीवन का उपयोगी है। इसलिए हमें पौधारोपण कर उनका रक्षा करने का भी संकल्प करना चाहिए ताकि आने वाले भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। इस अवसर पर जनपद सदस्य संतोष होरी साहू, पूर्व जनपद सदस्य आदित्य पिपरे, उपसरपंच चांदनी मंडावी, पंच गणेशिया बाई, संजय साहू, भागवत साहू, भुवन एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा आमटी में जागरूकता शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम पंचायत आमटी में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित कर विधिक विषयों के संबंध में दी गई। विस्तृत जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग (छ०ग०) के अध्यक्ष माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के कुशल मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा रविवार को ग्राम पंचायत आमटी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त विधिक जागरूकता शिविर में निम्न बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के स्कीम साथी, डॉन-ड्रग, संवाद, जागृति, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, आपदा पीड़ित को पीड़ित क्षतिपूर्ति, बाल श्रम (निषेध एवं विनिमय) अधिनियम 1986, स्थाई लोक अदालत जनो. सेवा, महिलाओं के अधिकारों के संबंध में और समय समय पर आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत एवं निःशुल्क अधिवक्ता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। जिसमें ग्राम पंचायत आमटी के सरपंच दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी, पंचगण राजेश कुमार देवांगन कुशाल राम साहू, चमेली निषाद, ग्रामवासी कन्हैया चौधरी शशिकला चौधरी, ललिता चौधरी, लिखन कुमार, नीता चौधरी, दानेश्वरी साहू, लाकेश, मुकेश, फ़नीश, नीतू यादव, मनीषा पटेल, मोतिम, ख़ेमिन साहू, पुष्पा साहू, तिजिया बाई, सुरजौतिन, किरण पटेल, रेखा पटेल, तुलसी पटेल, सुनीति यादव आदि ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

ब्लॉक स्तर पर युवाओं का चयन किया गया जो सप्त आंदोलन के कार्य की योजना तैयार करेंगे

## बालोद में 108 कुंडीय गायत्री शक्ति संवर्धन अनुष्ठान दिसंबर में आयोजित किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



गायत्री शक्ति पीठ बालोद में जिला स्तरीय एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसने 108 कुंडीय यज्ञ के प्रयाग में पूरे जिले स्तर पर गोष्ठी आयोजित किया गया। गोष्ठी में जिला समन्वयक, सह समन्वयक, ब्लॉक के ब्लॉक समन्वयक की उपस्थिति रही, जिसमें 108 कुंडी गायत्री की सफलता के प्रयास अंश दान, समय दान और गतिविधियों के माध्यम से बालोद जिले के हर गांव में गायत्री की स्थापना, वंदनीय माता जी और अखंड दीपक की शताब्दी वर्ष 2026 में मनाया जाएगा, जिसके लिए सभी गायत्री परिवार की सभी सदस्य इसमें अपना आहुति देंगे और 108 कुंडीय गायत्री शक्ति संवर्धन बालोद में 8 से 11 दिसंबर को आयोजित किया गया है, शांतिकुंज हरिद्वार के कुलाधिपति चिन्मय पांड्या का आगमन 10 दिसंबर को हो रहा है, जिसकी जानकारी सभी परिजन को दिया गया, साथ ही 10 से 12 जून को शांतिकुंज युवा चिंतन शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे जिले स्तर पर युवा प्रकोष्ठ के माध्यम से ब्लॉक स्तर पर युवाओं का चयन किया गया जो सप्त आंदोलन के कार्य की योजना तैयार करेंगे।

### आयोजन समिति का गठन

108 कुंडी गायत्री महा यज्ञ आयोजन समिति के पदाधिकारी का चयन किया गया। जिसमे अध्यक्ष दशरथ कलिहारी, उपाध्यक्ष लोचन साहू, कोषाध्यक्ष टीआर साहू, सह कोषाध्यक्ष मानेश्वर साहू, सचिव कमल नारायण साव, सह सचिव मोहन साहू, नगर हिरक मंडल प्रचार समिति के प्रभारी और सदस्यो मे आम पारा, सिंचाई, तांदुला नगर प्रभारी शांति साहू, स्वीकृता साहू, कुमारी साहू, फुलेश्वरी साहू, मरार पारा, पार रास, बूढ़ा पारा, रोशन नगर, रेल्वे कालोनी प्रभारी हेमवती सिहरे, इंदु नायडू, शशि साहू, ख़ेमीन साहू, कांति राणा, कोशिकी सोनबोई, आईसीआई बैंक से संजय नगर, नया पारा, पांडे पारा, टीकरापारा प्रभारी वृंदा साहू, पुष्पा यादव, रामकली साहू, दिलेश्वरी साहू, राधिका साहू, जवाहर पारा, कुमएँ पारा, सदर बाजार, गंजपारा, तांदुला नगर प्रभारी, कांति साव, पूजा साहू, ललिता सोरी, रेखा साहू को बनाया गया है। जिसमे 10 जुलाई गुरु पूर्णिमा के दूसरे दिन से गृह गृह प्रचार कार्य शुरू किया जाएगा। जिसमे यज्ञ में 2 दिन बच्चो के साथ यज्ञ करने आने, बच्चो का संस्कार करने के संबंध में चर्च करने। अन्न घट और दान यथा शक्ति प्रदान करने चर्चा करने। संभव हो तो पति पत्नी यज्ञ में आने की तारीख नोट कर इसी प्रकार संस्कार के लिए भी दिन तय करने कहा गया, यदि कोई यज्ञ या संस्कार करना चाहे तो तत्काल समय लेकर कर सकते है जैसी जानकारी प्रचार प्रभारियो द्वारा दी जाएगी।

### 50 लाख की चोरी के आरोपी खैरागढ़ से हुए गिरफ्तार

**भिलाई।** कोतवाली दुर्ग थाना अंतर्गत महावीर कॉलोनी निवासी शांतिलाल कांकरिया के घर में 6 दिन पहले हुई चोरी की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। आरोपियों की पहचान पुलिस ने पहले सीसीटीवी फुटेज की मदद से की। इसके आरोपियों के केकराजबोड़ खैरागढ़ में होने की जानकारी मिली। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा। मामले में पांच आरोपी थे। घटना का खुलासा करते हुए एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि घटना स्थल के आसपास लगे सीसी कैमरों को पहले चेक किया गया। दो संदेही बाइक पर घूमते दिखे। पुलिस ने उनकी जानकारी जुटाई।

## पेज 9 के शेष

### स्कूल भवन की हालत ...

अच्छा स्कूल है। शाला का नाम गौरान्वित कर रहे है, किन्तु विगत कई वर्षों से इस स्कूल भवन की स्थिति जर्जर है। पंचायत स्तर पर व शिक्षा विभाग में कई बार शिकायत किया जा चुका है, किन्तु शासन प्रशासन इस विषय को लेकर गंभीर नहीं है। जब भी शिक्षा विभाग के अधिकारियों से इस बात कि जानकारी लेते है तो गोल मोल जवाब देते है, विगत दिनों सुशासन तिहार पर भी मांग किया गया था फिर भी उनका जबाब संतुष्टि प्रद नहि रहा। इस अवसर पर भुवन साहु, धनेश भूआर्य, शंकर नेताम, दावेन्द्र मेरीया, सरस्वती गावर, अनुपा विश्वकर्मा, तामेश्वरी साहू, चैती बाई, पांचों बाई साहु, धनवा राम नागवंशी, सचिव, विजय बघेल, संध्या बघेल, हीरा भूआर्य व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### डीकेएस के लॉन्ड्री टेंडर ...

जिला अध्यक्ष चैतराम निर्मलकर, नेतराम निर्मलकर, बाबूलाल निर्मलकर, संरक्षक धरमलाल निर्मलकर, हीरालाल निर्मलकर, बोधी राम निर्मलकर आदि अनेक पदाधिकारी शामिल रहे और पैतृक व्यवसाय करने वाले धोबी समाज के हक को मारने वाले लोगों का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करने का निर्णय लिया।

## गायत्री परिवार के मिशन 13 आंदोलन पर की बातचीत



**गुण्डरदेही।** गायत्री परिवार द्वारा ब्लाक स्तरीय गोष्ठी साहू सदन गुण्डरदेही मे संपन्न हुआ। जिसमें मिशन के 13 आंदोलन पर चर्चा की गई। जिसमें प्रभारियों की जिम्मेदारी एवं प्रत्येक आंदोलनो का हीरक मंडल गठन किया गया। प्रज्ञा मंडलों एवं परिजनों ने प्रज्ञा पाक्षिक अभियान के तहत 220 प्रज्ञा पाक्षिक वितरण हेतु संकल्प लिया। जिसमे 2 हजार पौधारोपण हेतु संकल्प लिया, ब्लाक स्तर पर सशक्त सुपर 50 सदस्य गठन करने का निर्णय लिया गया। गोष्ठी में हेमंत व्यास, चंद्रिका प्रसाद चंद्राकर, विमल साहू, गोपाल साहू, दिलेश्वर साहू, रामकृष्ण साहू, मोहपत साहू, राम विश्वकर्मा, तिलक सिन्हा, यीतेश देशमुख, पवन यादव, घनश्याम साहू, लालचंद साहू, कुलेश्वर प्रसाद साहू, इंद्राणी साहू, त्रिवेणी नामदेव, प्रीतम टंडन, तुकाराम साहू, ओमप्रकाश साहू, टेकराम, रविकुमार, जवाहर लाल, भूषण लाल, सोमन साहू, शुभम कुमार, रोहित देवांगन, पदमिनी साहू, और अन्य परिजनों की उपस्थित रही। बैठक मे मिशन के 13 आंदोलन प्रभारियों की जिम्मेदारी एवं प्रत्येक हीरक मंडल, प्रज्ञा मंडलों एवं परिजनों ने 220 प्रज्ञा पाक्षिक अभियान हेतु वितरण हेतु संकल्प लिया साथ ही 2 हजार पौधारोपण हेतु संकल्प लिया गया।

शैलदेवी महाविद्यालय
अंडा, दुर्ग 9575037637, 6265377477, 7880172431, 7880172432
Accredited NAAC Grade "A"
BSc Maths/CS/Bio
BCom
B.A Home Science Geography
MSc Chemistry/CS
MCom
BCA AICTE Approved
DCA
PGDCA
MSW
B.Lib
PG Diploma in YOGA
ADMISSION OPEN

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)


पानी की रक्षा,
देश की सुरक्षा
एक पेड़ माँ के नाम
खेमलाल देवांगन
अध्यक्ष-भाजपा मण्डल सनौद
सरपंच-ग्राम पंचायत अरकार


जल है तो कल है, नल में टोटी अवश्य लगायें
पानी व्यर्थ ना बहायें
एक पेड़ माँ के नाम
श्रीमती मंजूलता परस साहू
सरपंच ग्राम पंचायत ओरमा


जल संरक्षण है मेरा सपना,
ताकि खुशहाल बने भारत अपना।
एक पेड़ माँ के नाम
पेड़ लगाओ जीवन बचाओ
श्रीमती सुनीता संजय साहू
अध्यक्ष
जनपद पंचायत गुरूर
श्री संजय साहू


पानी को हम बचायेंगे,
देश में खुशहाली लायेंगे।
एक पेड़ माँ के नाम
प्रदीप साहू
अध्यक्ष
नगर पंचायत गुरूर


जल संकट को दूर भगाओं,
व्यर्थ में पानी न बहाओ।
एक पेड़ माँ के नाम
बालचंद टण्डन
सरपंच
ग्राम पंचायत कंवर


जल बचेगा,
तो जीवन बचेगा।
पेड़ लगाओ जीवन बचाओ
एक पेड़ माँ के नाम
रूपराम साहू
बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर
ग्राम सरबदा


जल नहीं,
तो कल नहीं।
एक पेड़ माँ के नाम
पेड़ लगाओ जीवन बचाओ
धनेन्द्र साहू
सरपंच
ग्राम पंचायत अरमरीकला

## खबर संक्षेप



### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी

**गुण्डरदेही।** नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने रविवार को अपने कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी।

### ग्राम खपरी (ब) में भाजपा ने किया गया पौधारोपण



**गुण्डरदेही।** एक पेड़ मां के नाम के तहत खपरी ब मे भाजपा कार्यकर्ताओ ने गांव मे फलदार व छायादार पौधे लगाए गए। जिसमे बूथ सचिव कमलनारायण साहू एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मंडल के कार्यकर्ताओ मोदी की मन की बात सुनी



**गुण्डरदेही।** गुण्डरदेही मंडल के कार्यकर्ताओ ने मोदी की मन की बात कार्यक्रम को मोबाइल से सुनी। जहां गुण्डरदेही मंडल पूर्व महामंत्री सौरभ चोपड़ा, लोकेश सोनी, पुरन ठाकुर, थानेस्वर निषाद उपस्थित थे।

### जीवन दीप समिति की सामान्य सभा की बैठक संपन्न



**गुरूर।** संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र की विधायक संगीता सिन्हा की अध्यक्षता मे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरूर में आयोजित जीवन दीप समिति की सामान्य सभा की बैठक संपन्न हुई। जिसमें पूर्व में आयोजित बैठक के पूर्ण–अपूर्ण कार्यों की समीक्षा की गई, जीवन दीप समिति के वर्ष 2023–24, 2024–25 के आय व्यय की जानकारी ली गई व 2025–26 हेतु कार्ययोजना का निर्माण किया गया।

### दल्लीराजहरा आईटीआई में आज को कैंपस प्लेसमेंट

**दल्लीराजहरा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) दल्लीराजहरा में नौकरी की तलाश कर रहे तकनीकी युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर आ रहा है। दिनांक 30 जून 2025, सोमवार को प्रातः 9:30 बजे से यहां कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया है। इस विशेष रोजगार मेले में देश की अग्रणी कंपनियों में से एक मारुति सुजुकी सहित ऑटोमोबाइल क्षेत्र की अन्य प्रतिष्ठित कंपनियाँ हिस्सा लेंगी।प्रशिक्षण अधिकारी वीरेंद्र कुमार बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्लेसमेंट ड्राइव में आईटीआई और डिप्लोमा पासआउट अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थियों के पास निम्न ट्रेड्स में डिग्री या प्रमाणपत्र होना चाहिए —फिटर, डीजल मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, टर्नर, मशीनीस्ट, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, टूल्स एंड डायमेकटर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, ट्रैक्टर मैकेनिक, पेंटर जनरल, इलेक्ट्रॉनिक, वायरमैन, सीट मेटल आदि। कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से प्रतिभाशाली युवाओं को सीधे रोजगार का अवसर मिलेगा।




**आयोजन : विद्यालय परिसर में एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया**

# अंचल में हर्षोल्लास से मनाया शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय डुंडेरा एवं गुरेदा में शाला प्रवेश उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा–अर्चना के साथ हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत बालोद की अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर थी एवं अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति कांति सोनेश्वरी ने की।

कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय प्रांगण में किया गया, जहां शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जगनू राम ठाकुर, ग्राम पंचायत डुंडेरा के सरपंच थनेश्वर सिन्हा तथा जनपद पंचायत सदस्य गौरी निषाद मुख्य रूप से उपस्थित रही। इस दौरान अतिथियों ने 8 लाख की लागत से बनने वाले अतिरिक्त कक्ष का भूमिपूजन किया तथा दस लाख रूपये की लागत से निर्मित लाइब्रेरी का लोकार्पण भी किया। शाला विकास समिति के सदस्यों व अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों का विशेष रूप से गुलाल लगाकर अभिनंदन किया गया एवं उन्हें गणवेश और पाठ्यपुस्तकें वितरित की गईं। साथ ही अतिथियों ने विद्यालय परिसर में एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी चंद्राकर ने बच्चों को शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों पर आधारित जीवन जीने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि सही निर्णय लेने की क्षमता भी विकसित होनी चाहिए। उद्बोधन में बच्चों का स्वागत करते हुए बच्चों की प्रथम पाठशाला घर और प्रथम शिक्षिका मां को बताया, गुरु की महिमा का बखान करते हुए गुरु को श्रेष्ठ बताया। जिला पंचायत सभापति कांति सोनेश्वरी ने बेटियों को शिक्षा के प्रति विशेष ध्यान देने एवं अधिक से अधिक पढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रही। जिनमें मुख्य रूप से शिव देवांगन, राधेश्याम, प्राचार्य एसके साहू, ग्राम गुरेदा के कार्यक्रम में सरपंच महेंद्र साहू, उपसरपंच रोनिन निषाद, सोसायटी अध्यक्ष कमलेश पाण्डेय, शाला विकास समिति के अध्यक्ष हेमंत साहू, प्राचार्य छाया मिश्रा, प्रधानपाठक पटेल उपस्थित थे।








## खैरा के शाला प्रवेशोत्सव में बच्चों को दिया गया उपहार



**डौंडीलोहारा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला खैरा में प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया , कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत खैरा श्रीमती निर्मला कोसमा और अध्यक्षता शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजिंदर भुआर्य ने किया। विशेष अतिथियो में वरिष्ठ नागरिक नसीब साहू, पूर्व सरपंच श्रीमती राधिका भुआर्य ,पंचगण मिलाप कोसमा,रोहित भुआर्य , सुनीति भुआर्य, संतोषी भुआर्य,गणेशिया साहू,प्रदीप कोमा,जितेश्वरी कोसमा थे । अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत करते हुए गणवेश वितरण किया गया। खैरा की सरपंच श्रीमती निर्मला कोसमा द्वारा बच्चों को कापी ,पेन,और पहाड़ा,पूर्व सरपंच श्रीमती राधिका भुआर्य ने भी बच्चों को कापी पेन और वरिष्ठ नागरिक नसीब साहू ने भी कापी पेन देकर बच्चों को प्रोत्साहित किया।ग्राम पंचायत खैरा की सरपंच श्रीमती निर्मला कोसमा द्वारा नेवता भोज भी दिया गया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने लोगों का मन मोह लिया। संस्था के प्रधान पाठक प्रेम सिंह कोलियारे ने अतिथियों और उपस्थित जन समुदाय को नशा मुक्ति शपथ और जल संरक्षण का शपथ दिलवाया गया और शाला में एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत पौधारोपण भी किया गया।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक खेमन्त कुमार साहू ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधान पाठक सुदामा गेंड्रे, शिक्षक लक्ष्मीकांत नेताम,केशव सिहारे ,टिकेश्वरी हरदेल, बरखा साहू और शाला प्रबंधन समिति , महिला स्व-सहायता समूह के सदस्य गण और पालकों का सहयोग रहा।

## परसोदा (ड) के प्रवेशोत्सव में बच्चों का मुंह मीठा करया



**बालोद।** ग्राम परसोदा (ड) में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बालोद जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सहित अन्य अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर एवं फूल देकर आत्मीयता से उनका स्वागत किया। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी चंद्राकर ने कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने बच्चों को परिश्रम का मूलमंत्र देते हुए कहा कि जीवन में किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए मेहनत और ईमानदारी आवश्यक है। उन्होंने बच्चों को अपने रुचि के क्षेत्र में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी और कहा कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता, बल्कि उसे करने का –ष्टिकोण महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने शिक्षकों के सम्मान और उनके मार्गदर्शन में पढ़ाई करने की बात कही। जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर ने कहा कि यह दिन उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। कार्यक्रम को अन्य जनप्रतिनिधियों व अतिथियों ने भी संबोधित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी चंद्राकर ने इसके अलावा ग्राम पंचायत ओटेबंद में दस लाख रूपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का सभी अतिथियों के साथ भूमिपूजन किया एवं सभी ग्रामीणों को नवीन कार्य के लिए शुभकामनायें दी।

इस दौरान प्रमुख रूप से जिला पंचायत सभापति कांति सोनेश्वरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष ओटेबंद कुलदीप साहू, सरपंच जीवन साहू, परसदा सरपंच, सभी शिक्षकगण तथा पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया



**अंडा।** संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव शा पूर्व माध्यमिक शाला कुथरेल में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोमश चंद्राकर जनपद सदस्य एवं विशेष अतिथि के रूप में समग्र शिक्षा कार्यालय से विवेक शर्मा ए पी सी , गीता गजपाल सरपंच कुथरेल, एवं समस्त पंच गण ,संकुल कुथरेल के समस्त संस्था प्रमुख इंदुमलिक प्राचार्य, राधेलाल चंद्राकर प्रधान पाठक अछोटी, राकेश बैस प्रधान पाठक कन्या पूर्व मा शाला कुथरेल। प्रेम लाल साहू प्रधान पाठक अछोटी भाटा, जनक यादव प्रधान पाठक बालक कुथरेल, रीना चंदेल, प्रधान पाठक अछोटी, उमा शुक्ला कन्या प्रा शाला कुथरेल, ललिता देशमुख प्रधान पाठक भरदा की गरिमा मयी उपस्थिति में कार्क्रम सम्पन्न। मुख्य अतिथि लोमश चंद्राकर ने अपने उदबोधन में शा पूर्व मा शाला कुथरेल में जनपद सदस्य मद से टॉयलेट निमार्ण कराने की घोषणा किये। विवेक शर्मा एपीसी द्वारा शासन के विभिन्न योजनाओं की जानकारी दिए तत्पश्चात जनप्रतिनिधियों द्वारा सभी नवप्रवेशी बच्चों का मुंह मीठा कराते हुये गणवेश वितरण, पाठ्यपुस्तक एवम, संकुल मद से सभी नवप्रवेशी बच्चों को कॉपी वितरण किया गया। कन्या प्राथमिक शाला के छात्राओ द्वारा नृत्य प्रस्तुत की गई। ततपश्चात सभी अतिथियों द्वारा शाला प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के अंत मे संकुल समन्वयक विवेकानंद दिल्लीवार द्वारा अतिथियो के प्रति आभार ब्यक्त करते हुये कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई।

## सेजस प्रवेशोत्सव में छात्र-छात्राओं का छलका उत्साह एक पेड़ मां के नाम पर किया पौधारोपण





**बालोद।** सेजेस हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम शाला सिकोसा में शाला प्रवेश उत्सव के तहत कक्षा पहली, छठवी, 9वीं, 11वीं मे नव प्रवेशी छात्र छात्रओ के लिए प्रवेश उत्सय का आयोजन किया गया था। जिसमे मुख्य अतिथि शाला विकास समिति अध्यक्ष खिलावन चन्द्राकर थे। अध्यक्षता प्राचार्य केएल गेण्ड्रे ने किया। अतिथि सरंपच सिकोसा प्रीतम ठाकुर, संजय बारले, जनपद सदस्य आशीश गहलोत, विधायक प्रतिनिधि कुलेश्वर तिवारी, सांसद प्रतिनिधि महेश महिलवार, प्रवीण जैन, आशा तिवारी, डामन चौरे उपस्थित थे। जिसमे 12वीं के विद्यार्थी मनीश शर्मा, पुनम बारले, 10वीं सगुप्ता कौशर, सृष्टि चन्द्राकर, अंग्रेजी माध्यम 10वीं मे सृष्टि चन्द्राकर, 12वीं मे लक्ष्मी वैष्णव का सम्मान किया गया। एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण किया गया। प्राचार्य केएल गेण्ड्रे द्वारा शालेय गतिविधियो और शासकीय योजनाओ के बारे मे विस्तृत जानकारी दी गई ताकि छात्र छात्रएं लाभान्वित हो सके। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय तम्बाकू निशेध दिवस के बारे मे मधुमाला कौशल द्वारा व्याख्यान दिया गया।

### पौधारोपण कर ग्रामीणों ने दी श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि



**बालोद/सिकोसा।** भाजपा मंडल सिकोसा के अंतर्गत शक्ति केन्द्र चारभाठा एवं बूथ केंद्र ग्राम पंचायत खपरी ब में दिन भर हल्की बारिश की वजह से गांव में भारी संख्या मे एकत्रित हुए ग्रामीणों ने मन की बात सुना एवं गांव मे पौधारोपण एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस को मनाया। जिसमे फलदार, छायादार कटहल, आम, अमरूद, कनेर, जामुन अन्य प्रजाति का पौधारोपण किया। सरपंच ने खाली जमीन पर पेड़ लगाने के बारे में महत्व बताया गया एवं उनके रख रखाव कैसे किया जाए इसमें जैसे की भेड़ बकरी से बचाव के बारे में बताएं। इस अवसर पर सरपंच लेखराम, पंच, कमलनारायण, अश्वनी कुमार, खोमन, पीयरेलाल, दीन राम, रामकुमार, झगरा, बैसखूराम, नेतराम उपस्थित थे।

## भोथली में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्वक सम्पन्न





**अंडा।** संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम ग्राम भोथली में मनाया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में कुलेश्वरी सुखदेव देवांगन अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग, अध्यक्षता आशा विक्की मिश्रा सदस्य जिला पंचायत दुर्ग, विशिष्ट अतिथि के राकेश हिरवानी उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग, अध्यक्ष पुकेश्वर भारदीय महाविद्यालय निकुम एवं दामिनी मुकेश साहू सदस्य जनपद पंचायत दुर्ग रहे साथ में ग्राम तिरगा सरपंच घासिया राम देशमुख, भोथली सरपंच नेमीन खूटेल, झोला सरपंच बसंती कौशल निषाद, पूर्व सरपंच रमेश साहू , शिक्षक पूसऊ राम साहू, घनश्याम सिंह साहू, रामेश्वर साहू , राजीव युवा मितान क्लब अध्यक्ष टेनेंद्र(पप्पू)साहू , सोनम साहू , गिरवर साहू और सभी संकुल स्तरीय शिक्षक गण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इस अवसर बच्चों का स्वागत कर शाला प्रवेश कराया गया साथ में बच्चों को पुस्तक वितरण किया गया। साथ ही साथ जनप्रतिनिधियों से स्कूल संबंधित मांगो से अवगत कराया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुलेश्वरी देवांगन जनपद अध्यक्ष द्वारा कहा गया शिक्षा के बिना सर्वगनीय विकास संभव नहीं है। माता-पिता गुरु जन का सम्मान करें, हमारी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहे हैं। सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिलेगा। अध्यक्ष शासकीय महाविद्यालय निकुम सुरेश कुमार साहू ने कहा जिस प्रकार हम कई क्षेत्र में दान करते हैं सहयोग करते हैं उसी प्रकार शिक्षा के क्षेत्र में भी निरंतर सहयोग प्रदान करें, शिक्षा से व्यक्ति अच्छे संत, नेता, डॉक्टर, अधिकारी, वक्ता व अच्छे इंसान बनते हैं,

इस अवसर पर संकुल प्रभारी पुष्पा रामटेक, संकुल समन्वयक रघुनाथ देशमुख, प्रधान पाठक भानु प्रताप वर्मा, बलवर ,चंदन साहू, उपसरपंच जितेन्द्र साहू, धर्मेंद्र साहू सहित अन्य ग्रामीण जन और आस पास के ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## दिवंगत टीआई साहू को संत बालक दास ने दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही

रनचिरई में थानेदार रहे स्व. कमलेश कुमार साहू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने पाटेश्वर धाम के संत राम बालक दास महात्यागी पहुंचे। ज्ञात हो कि स्वर्गीय कमलेश साहू के हृदय गति के रुक जाने से 1 वर्ष पहले आकस्मिक निधन हो गया था, उनके परिवार के द्वारा प्रथम पुण्यतिथि मनाया गया।

उनका परिवार पाटेश्वर धाम से पूर्ण मनोयोग से जुड़ा था, कौशल्या दूत के रूप में सेवा दे रहे थे, राजयोगी बाबा जी से दीक्षा ली थी। ड्यूटी के दौरान पब्लिक और पुलिस का सहयोगी संबंध बनाए रखते थे। सर्वोदय भजन मंडली के सेवानिवृत शिक्षक गरीबदास के टीम के माध्यम से भजनों के द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने बताया कि तालाब में स्नान के पहले घाट में इकट्ठा दातुन की चीरी की सफाई करना उनका नित्य कार्य था, पद का थोड़ा भी अहंकार नहीं था। संत श्री राम बालक दास ने उनके परोपकारी सेवाभावी कार्य से अन्य को भी प्रेरणा लेने की बात कही। गृहस्थ में रहते हुए भी सनातन एवं राष्ट्र धर्म के लिए समर्पित था। साहित्यकार केशव राम साहू एवं गजपति राम साहू ने कविता के माध्यम से श्रद्धा सुमन व्यक्त किया। इस अवसर पर समाजसेवी नरसिंह चंद्राकर, आत्माराम सिन्हा, शिवचरण, विमल कुमार, डॉक्टर गुलाब साहू, हेमंत साहू, जितेश कुमार, सोमनाथ साहू, सुमित साहू, बिंदु वासिनी साहू, खुशबू साहू उपस्थित थे।

### नौकरी लगाने का झांसा देकर 6 लाख की ठगी

**भिलाई।** नौकरी लगाने का झांसा देकर ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मकान नंबर 37 वार्ड 1 अहिवारा निवासी ज्योति साहू को रज्य सहकारी मर्या. अपेक्स बैंक में प्रबंधक पद पर नौकरी लगाने का वार्ड 33 प्रगति नगर रिसाली निवासी जयकुमार वर्मा ने झांसा दिया।




